दिनांकः 19.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

सूचना और प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ मिलकर विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 चलाएगा। 2 से 31 अक्टूबर के बीच चलने वाले इस अभियान में संचार के विभिन्न माध्यमों से जागरुकता फैलाने का काम किया जाएगा। इसमें कार्यालय परिसरों की सफाई, लम्बित मामलों को कम करना तथा बेहतर स्थानीय प्रबंधन शामिल होंगे। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री संजय जाजू ने मीडिया के सभी प्रमुखों के साथ इस विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक की थी।

....

प्रदेश में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज श्रीगंगानगर में सच्छता रैली निकाली गई। रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के अलावा नगर परिषद के कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली शहर के कई मार्गों से होते हुए गुजरी, जो नगर परिषद परिसर में सम्पन्न हुई।

....

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बरसात से खराब हुई सड़कों को दीपावली से पहले सही करवाने के निर्देश दिए हैं। कल जयपुर में आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सभी मुख्य अभियंताओं को लगातार सात–सात दिन फील्ड में रहकर सड़क कार्यों की मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मॉडल के प्रावधानों को शामिल करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा एप लॉन्च किया। इस एप से सड़कों की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा और उसके रखरखाव के लिए मजबूत निरीक्षण प्रणाली विकसित हो सकेगी। इस पहल का उद्देश्य सड़कों और भवनों की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए सिस्टम में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को बढ़ाना है।

....

दौसा जिले के जोधपुरिया गांव में बोरवेल के पास बने 35 फीट गहरे गढ्ढे में फंसी ढाई साल की बच्ची नीरू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राष्ट्रीय आपदा राहत बल ने 20 घंटे की मशक्कत के बाद सुरंग खोदकर बच्ची को सकुशल बचाया। गौरतलब है कि कल शाम खेलते समय नीरू गड्ढे में गिर गई थी। सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत सही बताई जा रही है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान दौसा के जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार मौके पर ही मौजूद रहे और बचाव टीम की हौसला अफजाई की।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी जयपुर में कल देर रात से ही बरसात का सिलसिला हुआ, जो सुबह तक चला। यहां आज भी बादल छाए हुए हैं और मौसम सुहाना बना हुआ है। हनुमानगढ़ में सुबह कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। बादलों की आवाजाही से मौसम खुशनुमा बना हुआ है। करौली में कल रात से शुरु हुई बरसात का दौर रुक–रुक कर सुबह तक बना रहा। भरतपुर में लगातार रुक–रुक कर बरसात का दौर जारी है। बरसात से सामान्य जनजीवन एक बार फिर प्रभावित होने लगा है। वहीं बरसात होने से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। नगर निगम और यूआईटी द्वारा पंप लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, अलवर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ, करौली और सवाईमाधोपुर जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

....

कोटा जिले के विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु लोगों की समस्याएं जानने और उनके साथ संवाद के लिए आज आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अब से कुछ ही देर में यूआईटी ऑडिटोरियम में शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शिरकत कर रहे हैं। इस दौरान श्री दिलावर लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। इस अवसर पर

नगर निगम कोटा उत्तर और दक्षिण तथा कोटा विकास प्राधिकरण के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने आज महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में 68वीं उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

....